# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 199 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## "आश्रय की अपेक्षा आत्मसम्मान और स्वावलंबन का सम्बल देना ही सच्ची मानव सेवा-डॉ. भरत शर्मा"

इंदौर कैंसर फाउंडेशन के प्रवर्तक सदस्य, वरिष्ठ उद्यमी और मध्यप्रदेश खंडेलवाल समाज के अग्रणी जिनका समर्पण और सेवा का भाव सदा ही सामाजिक सेवा में रत अनुयाइयों के लिए प्रेरित करता रहेगा ऐसे स्वर्गीय श्री सत्यनारायण खंडेलवाल जी के सुपुत्र राकेश खंडेलवाल को संस्कृति मंत्रालय सदस्य - डॉ भरत शर्मा ने माइक्रो क्रिस्टल तकनीक द्वारा बनायी गई उनकी प्रतिकृति स्मृति चिह्न के रूप में प्रदत्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। आपने कहा कि सामाजिक सेवा का प्रकल्प समाज सुधार और सामाजिक उत्थान के लक्ष्य से किया जाना उद्देश्य ही श्रेष्ठ होता है ।

मध्यप्रदेश में पहला रूबी नील का कारखाना धार जिले के घाटबिल्लोद में स्थापित कर आपने उद्योग जगत में अपना कदम रखा और अन्नपूर्णा मसाले के उत्पादन के अलावा, कल्याण बिल्डर के साथ आवासीय और व्यावसायिक कॉलोनी व बिल्डिंग का निर्माण करते हुए उन्होंने इंदौर कैंसर फाउंडेशन १९८८ में डॉ दिगपाल धारकर जी और अमेरिका, न्यूयॉर्क से डॉ. जतीन शाह की संलिप्तता से होलकर राजवंश की श्रीमती उषादेवी होलकर और उनके पति श्री सतीश चंद्र जी मल्होत्रा ( चेयरमैन- एम्पायर इंडस्ट्रीज, मुंबई) द्वारा पंजीबद्ध संस्था "इंदौर कैंसर फाउंडेशन" में प्रवर्तक सहयोगी के रूप में अपनी सेवाए दी। उक्त अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिक राजीव झालानी, सुनील पटेल, वीरेंद्र पुराणिक आदि मौजूद रहे ।





## चोरल सरपंच एवं सिमरोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैनी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया



**रणजीत टाइम्स**

महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया चोरल सरपंच, सिमरोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं समाजसेवी अशोक सैनी का जन्मदिवस उनके ग्राम चोरल होटल रेवा रिसोर्ट में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। जन्मदिवस पर मिलने पहुंचे लोगों ने अपने-अपने अंदाज़ में शुभकामनाएं दीं किसी ने हार पहनाए, किसी ने मिठाई खिलाई, तो किसी ने बैंड-बाजे के साथ जश्न मनाया। माहौल पूरी तरह खुशी और उमंग से भरा रहा।

मित्रों और शुभचिंतकों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स की पूरी टीम भी उन्हें बधाई देने पहुंची और उन्हें मां अहिल्या देवी की प्रतिमा, पगड़ी एवं हार अर्पित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधेश्याम मुवेल,जुगनू जाधवसिंह धनवान, प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी, शक्तिसिंह गोयल, संजय शर्मा, सरपंच कमल चौधरी, विष्णु हारोड़, भुरू भाई, दिनेश सल्वाडिया, कैलाश गोयल, पत्रकार गोपाल गांवडे, सुनील काले, श्याम खांडेकर,गजेंद्रसिंह राठौर, शैलेश जाट, रमेश पटेल, राजेश पटेल,अंकित सैनी, सुनील यादव, धर्मेंद्र सैनी, रामचंद्र ठेकेदार, अजय सगर, सुनील कौशल, दिनेश सैनी, संजू सैनी, शेखर देवड़ा,आशीष वर्मा, रोहित ठाकुर, दिगपाल तोमर, घनश्याम यादव, लोकेश धनावत,अपने सभी कार्यकर्ताओं एवं मित्रों के साथ विशेष रूप से मौजूद रहे। अशोक सैनी जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा "मेरा यह दिन सभी मित्रों, शुभचिंतकों और गांववासियों के स्नेह व सहयोग से ही विशेष बनता है।"

## फ़िल्म निर्देशक सुरेश वर्मा बंजारिया को संस्था आदित्य के द्वारा सम्मानित किया




**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर। संस्था आदित्य के तत्वावधान में पत्रकार व प्रतिभा सम्मान समारोह एवं एक शाम राष्ट्र के नाम" कार्यक्रम में फ़िल्म निर्देशक सुरेश वर्मा बंजारिया को फ़िल्म निर्देशन में उत्कृष्ट करीय के लिए सम्मानित क्या गया सुरेश वर्मा बंजारिया ने पिक्चर फिल्म, वेब सीरीज, टेली फिल्म शॉर्ट मूवी एवं म्यूजिक एल्बम का निर्देशन किया है इंदौर के उभरते कई कलाकारों को इन फिल्मों में मौका दीया है कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश फरक्या जी, मुख्य अतिथि रणजीत हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी दीपेश व्यास जी, पूर्व राज्यमंत्री योगेंद्र महंत जी, पत्रकार व समाजसेवी महावीर जैन, प्रो. श्यामसुंदर पलोड़, पत्रकार विनोद निगम, अमर गोमे, दीपक मल्होत्रा थे स्वागत रूपेश वर्मा, संदीप सूर्यवंशी,प्रवीण मौर्य, पवन लासुरकर, उमेश पाण्डे भरत राठौर, सुरेश जैनों आदि ने क्या कार्यक्रम का आभार संयोजक सचिन नीमा ने माना।**

## शिवपुरी पुलिस ने 3 घंटे के भीतर 3 लाख 50 हजार का माल जप्त कर आरोपी अभिषेक गोस्वामी को किया गिरफ्तार

**ऋषि गोस्वामी**




शिवपुरीः जिले की सुरवाया पुलिस ने जेसीवी हेमर (ब्रेकर) चोरी के अपराध क्रमांक 74/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस मे कार्यवाही करते हुये चोरी गया माल बरामद कर आरोपी अभिषेक गोस्वामी को गिरफ्तार किया है बता दें की थाना सुरवाया पर दिनांक 6 अगस्त 2025 को मोहित अहिरवार ने अपनी जेसीवी के हैमर (ब्रेकर) कीमत 3 लाख 50 हजार रूपये का चोरी होने पर रिपोर्ट की थी थाना सुरवाया पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 74/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# अनूठा रक्षा बंधनः पुलिस अधिकारी बने इस पावन त्यौहार के सहभागी

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर । रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पनाश एकेडमी, इंदौर के विद्यार्थियों ने एक अनोखी पहल करते हुए शहर के पुलिस अधिकारियों के साथ यह पर्व मनाया।**

इस आयोजन का उद्देश्य था उन असली नायकों को धन्यवाद देना, जो समाज की सुरक्षा के लिए दिन-रात तत्पर रहते हैं। इस विशेष आयोजन में पनाश एकेडमी की निदेशक मिस ख़ुशनुम अवरी और मिस ख़ुशबू सिवक का विशेष योगदान रहा,




जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान साहेब सिंह, इंदौर सेंटर के इंस्ट्रक्टर, विद्यार्थियों को पुलिस विभाग के कार्यों की महत्ता से अवगत कराने के लिए उन्हें पुलिस स्टेशन लेकर गए। विद्यार्थियों ने पुलिसकर्मियों को राखी बाँधकर उनके त्याग और सेवा के प्रति आभार प्रकट किया। इस अनोखी पहल से छात्रों में देशभक्ति, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत हुई। पनाश एकेडमी की यह सोच सराहनीय है, जो अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की भी सीख दे रही है।



# विभिन्न तपश्चर्या कर्ताओं के मेहंदी कार्यक्रम के निमित्त चल समारोह,सामूहिक चौबीसी संपन्न



**रणजीत टाइम्स**

महिदपुर। महिदपुर नगर की पुण्य धरा पर आयोजित मासक्षमण,शत्रुंजय तप,मोक्ष दंड, 11,9,8 उपवास की तपश्चर्या के अनुमोदनार्थ मेहंदी वितरण लाभार्थी सुरेशचंद हुकमीचंद चौपड़ा परिवार के निवास राजेंद्र मार्ग से असाड़ी गली तक चल समारोह निकलकर खरतरगच्छ उपाश्रय पहुंचा। जहां पपू चंदनबालाश्रीजी मसा आदि ठाणा 5 की पावनकारी निश्रा में सभी तपस्वियों की बधावना का कार्यक्रम उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चातुर्मास एवं बधावना के लाभार्थी सरदारमल, शांताबाई, संदीप, विराज चौपड़ा ने सभी तपस्वियों की अक्षत से अगवानी की। समाज की सुश्राविकाओं ने जैन ध्वज लहराते हुए,मस्तक पर मंगल कलश रखकर सभी तपस्वियों की अगवानी की। सुरेशचंद्र चौपड़ा की सुपौत्री और सुमित चौपड़ा की सुपुत्री धनवी चौपड़ा के 11 उपवास के निमित्त अनुमोदनार्थ परिवार ने यह लाभ लिया। फलोदी राजस्थान से पधारी कोमल गोलेछा ने संगीत की सप्त स्वर लहरियों में अपने भजन एवं धार्मिक गीत गाकर वातावरण को धर्ममय कर दिया। उक्त जानकारी खरतरगच्छ मीडिया प्रभारी जवाहर डोसी पीयूष ने दी।

# आकर ले रही हैं गणेश प्रतिमाएं

**रणजीत टाइम्स**



खेतिया । मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की सीमा पर मध्य प्रदेश से लगे नंदुरबार जिले की खेड़दीगर में गणेश प्रतिमाओं का निर्माण जारी है। पिछले कुछ वर्षों से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे मूर्तिकार भरत मोरे जिनकी बनाए हुए प्रतिमाएं मध्य प्रदेश के निवाली, पलसुद, बड़वानी,पानसेमल,सेंधवा ,ठीकरी,खरगोन, बोरावा, सहित मप्र के अन्य कुछ जिलों में जा रही है वहीं महाराष्ट्र के साकरी,पिंपलनेर,शहादा, नंदुरबार सहित अनेक गांव में यहां से श्री गणेशजी की प्रतिमाएं गणेशोत्सव हेतु बुक की गई है, जिनका निर्माण व रंग किया जाने का कार्य चल रहा है ।

गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को है तब से श्री गणेशोत्सव प्रारंभ होगा जिसके चलते दूर-दूर से गणेश प्रतिमाओं के लिए श्रद्धालु यहां आकर प्रतिमा का चयन का ऑर्डर दे रहे हैं ।अपने कला से प्रतिमाओं को तैयार करने आकर्षक रंग करने के साथ सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण निरंतर किया जा रहा है। मूर्तिकार भरत मोरे व उनका परिवार जिनमे भाई, बेटे बेटियां सभी दिन रात मेहनत कर मूर्तियों का निर्माण कर रहे।वही मूर्तियों में रंग भर रहे मूर्ति कलाकार रविन्द्र खंडाटे बहुत बारीकी से काम कर रहे उन्होंने मराठी में अपनी बात करते कहा कि गणेशजी की प्रतिमा पर कलर करने से उनका स्वरूप निखरता है,आँखों से उनके भाव समक्ष आते है,श्री गणेशजी का स्वरूप व्यापक है वही सबके समक्ष लाने की हरदम कोशिश रहती है,,कोई कहे न कहे पर काम करते हमेशा लगता है कि कोई देखें न देखे श्री गणेश जी देख रहें है।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणोत्सव को जो स्वरूप दिया उससे गणेशजी राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बन गये। तिलक के प्रयास से पहले गणेश पूजा परिवार तक ही सीमित थी। पूजा को सार्वजनिक महोत्सव का रूप देते समय उसे केवल धार्मिक कर्मकांड तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि आजादी की लड़ाई, छुआछूत दूर करने और समाज को संगठित करने तथा आम आदमी का ज्ञानवर्धन करने का उसे जरिया बनाया और उसे एक आंदोलन का स्वरूप दिया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेशोत्सव का जो सार्वजनिक पौधरोपण किया था वह अब विराट वट वृक्ष का रूप ले चुका है देश मे स्वतंत्रता आंदोलनों के दौरान भी श्री गणेशोत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक स्वरूप ने लोगों को जोड़,परस्पर एकता को मजबूती दी तभी से सम्पूर्ण भारतवर्ष में गणेश उत्सव सांस्कृतिक रूप से बहुत बड़ा त्यौहार है जिसको लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में तैयारी शुरू हो गयी। खेतिया शहर में कई जगह गणेश जी की विशाल प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है धीरे-धीरे तैयारीया शुरू हो गई है। गणेश प्रतिमाओं का निर्माण को लेकर अपने कलाकारी से जहां भरत मोरे व उनके परिजनों ने लोगों को मोहित किया है वहीं इनका कहना है कि इतनी मेहनत के बाद भी उतना मुनाफा नहीं होता है,,पर ठीक है हमे गणपति बप्पा पर हमेशा भरोसा है अभी नही तो आगे जरूर हमे लाभ मिलेगा। हमारी कोशिश है कि हम अच्छे से अच्छा बनाने की कोशिश करें कई शहरों से मूर्तियों के लिए आर्डर हमको मिले हैं समय से मूर्ति तैयार कर देना हमारी प्राथमिकता है जिसके लिए हम सब दिन रात काम कर रहे है।

# आनन्द वर्मा को प्रदेश का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाने पर बधाई

**अ भा कोली समाज रजि. क्र.5356 / 71 - 72, नईदिल्ली (मूल संस्था) राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर भाई बावलिया गुजरात सरकार कैबिनेट मंत्री**







**रणजीत टाइम्स**

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम जी शेर राष्ट्रीय महासचिव टीकमचंद शाक्यवाल जी कोरी / कोली समाज शाखा मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष अर्जुनसिंह जी शाक्यवार द्वारा दिनाँक 07 अगस्त 2025 को , राष्ट्रीय सदस्य मदनलाल धीमान कि अध्यक्षता मे कोरी/कोली समाज शाखा मध्य प्रदेश के संगठन का विस्तार करते हुए समाज को एकजुट करने, सशक्त बनाने के उद्देश्य से अपने हर दिल अजीज सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में लोकप्रिय कर्मशील, लग्नशील जांबाज साथी आनन्द वर्मा जी को कार्यकारी अध्यक्ष के पद का दायित्व सौपा। विगत 12 वर्षो से भी अधिक मूल संस्था के अनेको पदों पर रहते हुए समाज उत्थान मे कई रचनात्मक कार्य करते हुए आज प्रदेश का नेतृत्व साझा रूप से करने का दायित्व मिला। इस शुभ अवसर पर प्रदेश शाखा श्री आनन्द वर्मा जी को लख लख बधाईयां और अनंत शुभकामनाये प्रेषित करते है।.. कार्यवाहक अध्यक्ष को पुनः शाखा मध्य प्रदेश के सभी समर्पित पदाधिकारियों एवं प्रदेश के 48 जिलों के प्रतिनिधियो तथा जिला शाखा इंदौर की ओर से लख लख बधाईयां एवं शुभकामनाऐ।

# मूर्ति निर्माण एवं मूर्तियों के विसर्जन के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**रणजीत टाइम्स**

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने इंदौर जिले में आगामी त्यौहारों को देखते हुए प्रदूषण की रोकथाम के लिये मूर्ति निर्माण एवं मूर्तियों के विसर्जन के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। इस संबंध में समय-समय पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण सेन्ट्रल जोनल बैंच भोपाल व केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी मूर्ति निर्माण एवं मूर्तियों के विसर्जन हेतु निर्देश जारी किये गये हैं।**

इन्दौर जिले में प्रदूषण की रोकथाम हेतु मूर्ति निर्माण एवं विसर्जन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जन सामान्य के स्वास्थ्य के हित एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु इन्दौर जिले की राजस्व सीमा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

जारी आदेशानुसार मूर्तियों/प्रतिमाओं के निर्माण में केवल उन्हीं प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा जैसा कि पवित्र ग्रन्थों में उल्लेखित है। निर्देश दिये गये है कि मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग किया जाये, पक्की हुई मिट्टी, पी०ओ०पी० (प्लास्टर ऑफ पेरिस) या किसी प्रकार के केमिकल व रासायनिक वस्तुओं का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्तियों/प्रतिमाओं पर कलर हेतु केवल प्राकृतिक रंगों व गैर विषाक्त रंगों का इस्तेमाल किया जायेगा। किसी भी प्रकार के रासायनिक व विषाक्त रंगों का इस्तेमाल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। जिले में केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही उत्पादन व विक्रय किया जा सकेगा। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थो से बनाई जानी वाली प्रतिमाओं के उत्पादन तथा विक्रय, बाहर ले जाने या बाहर से लाने को प्रतिबंधित किया गया है। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से मूर्ति/प्रतिमाओं के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है। स्थानीय निकाय द्वारा इस संबंध में सत्यापन किया जायेगा, यदि कहीं इस आदेश के जारी होने के दिनांक के बाद परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से प्रतिमाओं के निर्माण का मामला प्रकाश में आता है तो तत्काल स्थानीय निकाय द्वारा इन प्रतिमाओं को अपने कब्जे में लेकर उनका निपटान नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम-2000 के प्रावधानों के अनुरूप किया जायेगा।

पूजन सामग्री जैसे फल-फूल, नारियल, वस्त्र-आभूषण, सजावट के सामान जिनमें कागज व प्लास्टिक से निर्मित वस्तुएं शामिल है, को मूर्ति/प्रतिमाओं विसर्जन के पूर्व निकाल कर उन्हें अलग-अलग एकत्रित किया जायेगा तथा उक्त एकत्रित सामग्री का निपटान नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम-2000 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकायों द्वारा किया जायेगा। मूर्ति/प्रतिमाओं विसर्जन के 24 घण्टे के भीतर विसर्जित मूर्ति/प्रतिमाओं से उत्पन्न ठोस अपशिष्टों जैसे बांस, रस्सी, मिट्टी, पीओपी, प्रतिमा के हिस्से आदि को एकत्रित कर उनका निपटान नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम-2000 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकायों द्वारा किया जायेगा । यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियोजन किया जायेगा। यह आदेश 03 अक्टूबर 2025 तक प्रभावशील रहेगा तथा उक्त प्रभावशील अवधि में उक्त आदेश का उल्लंघन धारा-223 भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

# न्याय की जीत या न्याय में देरी ?- सत्येंद्र जैन प्रकरण पर विचार

रणजीत टाइम्स
डा.अखिल बंसल, संपादक
-समन्वय वाणी, जयपुर



**चार वर्षों की लंबी जांच प्रक्रिया के बाद दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येंद्र जैन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप निराधार पाए गए। यह केवल किसी एक व्यक्ति को मिली कानूनी राहत नहीं, बल्कि लोकतंत्र में न्याय की संजीवनी के रूप में देखा जाना चाहिए। किंतु प्रश्न यह भी उठता है कि क्या यह देरी अपने आप में एक प्रकार का अन्याय नहीं है?**

सत्येंद्र जैन एक अल्पसंख्यक समुदाय — जैन समाज — से आने वाले, निष्ठावान और सादगीप्रिय नेता रहे हैं। दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उन्होंने कोविड-काल सहित अनेक चुनौतियों का सामना दृढ़ता और समर्पण से किया। उन पर लगे आरोपों की प्रकृति और जिस प्रकार से उन्हें लोकदृष्टि में दोषी सिद्ध करने का प्रयास किया गया, वह केवल राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि एक शांतिप्रिय समुदाय की छवि पर भी कुठाराघात था।


सत्येंद्र जैन को भ्रष्टाचार के आरोपों में बिना दोष सिद्धि के वर्षों जेल में रहना पड़ा, सार्वजनिक जीवन से दूर होना पड़ा और मानसिक व सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ी। यदि अंततः यह स्पष्ट हो गया कि आरोप बिना ठोस आधार के थे, तो यह न केवल न्यायिक प्रक्रिया की मंदी को दर्शाता है बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर करता है कि किसी की प्रतिष्ठा पर दाग लगाने में व्यवस्था कितनी शीघ्र और दाग हटाने में कितनी विलंबित है। यह मुद्दा विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सत्येंद्र जैन का संबंध जैन समाज से है — एक ऐसा समुदाय जिसने सदैव अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और स्वच्छ सार्वजनिक जीवन को अपनी पहचान बनाया है। जब ऐसे समुदाय के किसी व्यक्ति को राजनीतिक द्वेष, पूर्वग्रह या दुर्भावना के चलते निशाना बनाया जाता है, तो वह केवल व्यक्ति पर नहीं, पूरे समाज के विश्वास और योगदान पर चोट होती है। यह क्षण केवल सत्येंद्र जैन के लिए नहीं, अपितु प्रत्येक नागरिक के लिए चेतावनी है — कि राजनीति में आरोप लगाना जितना आसान है, निर्दोष साबित होना उतना ही कठिन और विलंबकारी। इससे जनता का विश्वास न्याय प्रणाली और लोकतंत्र की संस्थाओं में डगमगा सकता है, यदि न्याय समय पर न मिले।

### अतः आवश्यक है कि:

1. जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय हो।
2. राजनीतिक प्रतिशोध के लिए दुरुपयोग को रोका जाए।
3. मानहानि की भरपाई और क्षतिपूर्ति प्रणाली विकसित हो।
4. ऐसे मामलों में मीडिया ट्रायल पर संयम रखा जाए।

सत्येंद्र जैन प्रकरण एक चेतावनी भी है और एक सीख भी — कि लोकतंत्र में न्याय मिले, यह उतना ही जरूरी है जितना यह कि न्याय समय पर मिले।

# डॉ. सी.एम. मेहता की 22वीं पुस्तक का हुआ प्रकाशन, नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में होगी शामिल






## राम प्रसाद एंड सन्स, भोपाल से प्रकाशित हुई बी.कॉम. प्रथम वर्ष की पुस्तक

रणजीत टाइम्स

जावरा/कालूखेड़ा 1 शासकीय महाविद्यालय, कालूखेड़ा के वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ. सी.एम. मेहता की 22वीं पुस्तक का प्रकाशन प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था राम प्रसाद एंड सन्स, भोपाल से हुआ है। यह पुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत केंद्रीय अध्ययन मंडल एवं उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा अनुशंसित नवीन पाठ्यक्रम (सत्र 2025-26) के लिए बी.कॉम. प्रथम वर्ष की 'व्यावसायिक संगठन एवं संचार (माइनर-2)' विषय से संबंधित है।

डॉ. मेहता की यह कृति न केवल विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, बल्कि उच्च शिक्षा जगत में भी एक उल्लेखनीय योगदान मानी जा रही है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय माँ सरस्वती की कृपा, अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रों के स्नेह और सहयोग को दिया है।

डॉ. मेहता की यह उपलब्धि शिक्षाजगत के लिए गर्व का विषय है एवं यह आगामी पीढ़ियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम है। पुस्तक के प्रकाशन पर सभी परिजन एवं मित्रों ने बधाइयां प्रेषित की है।

### थांदला नगर में निकली 80 धर्मचक्र तपस्वियों की जयकार यात्रा

# श्रीसंघ थांदला ने करवाये तपस्वियों को पारणें - मेहता परिवार ने लिया नवकारसी का लाभ



रणजीत टाइम्स

थांदला। तप प्रधान जिन शासन में चातुर्मास कल्प में संत-सतियों सहित अनेक श्रावक श्राविका तपस्या कर अपनी आत्मा का कल्याण करते है। थांदला नगर में सामुहिक आराधना का आश्चर्यजनक माहौल है, जहाँ पिछले वर्ष बुद्धपुत्र प्रवर्तक देव के आज्ञानुवर्ती पूज्य श्री संयतमुनिजी के वर्षावास में 72 वर्षीतप व 65 सिद्धितप की ऐतिहासिक आराधना हुई थी वही इस वर्ष निखिल वर्षावास में युवा से लेकर प्रौढ़ 80 आराधकों ने धर्मचक्र की आराधना की है। संघ अध्यक्ष भरत भंसाली, मंत्री प्रदीप गादिया ने बताया कि 34 दिन की उग्र धर्मचक्र की सामुहिक आराधना का अंतिम पड़ाव चल रहा है ऐसे में सभी तपस्वियों के तप अनुमोदना, उनके उत्साहवर्धन व बहुमान का लक्ष्य लेकर थांदला संघ ने सभी तपस्वियों की जयकार यात्रा निकाली। यात्रा स्थानीय पौषध भवन से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई महावीर भवन पर सम्पन्न हुई जहाँ श्रीसंघ ने सभी तपस्वियों के उतार में बेले तप के पारणें करवाये वही संघजनों व अतिथियों की नवकारसी का लाभ महेन्द्र कुमार इंदरमल मेहता परिवार ने लिया।

**ऐसे होती है धर्मचक्र की आराधना**

धर्मचक्र तप के बारें में जानकारी देते हुए नवयुवक मंडल अध्यक्ष रवि लोढ़ा व संघ प्रवक्ता पवन नाहर ने बताया कि जिन शासन में तपस्वी अनेक प्रकार से तप करते है जिसमें धर्मचक्र भी प्रमुखता से किया जाता है। इसमें आराधक क्रमशः 1 उपवास फिर पारणा फिर 2 उपवास फिर परनस इस तरह से 5 उपवास तक चढ़ते है फिर इसी तरह से वापस 1 तक उल्टे क्रम में तप करते हुए उतरते है। एक परिपाटी में 25 दिन तप के व 9 दिन पारणें के आते है। इस दौरान तपस्वी यहाँ विराजित महासती पूज्या श्री निखिलशीलाजी म.सा. आदि ठाणा - 4 के द्वारा व्रत के प्रत्याख्यान ग्रहण करते है व उनसे सामूहिक रूप से वंदना स्वाध्याय आदि करते है। इस दौरान तपस्वी रात्रि चौविहार करते है, जमीकंद सहित सचीत द्रव्य का उपयोग भी नही करते है व सायं प्रतिक्रमण करते हुए आराधना में लगे हुए दोषों की शुद्धि करते है। उल्लेखनीय है कि जिन शासन में इस प्रकार की कठोर साधना को महान कर्मों की निर्जरा का हेतु मानते हुए मोक्ष का मार्ग माना जाता है।

# विधानसभा 1 में हुआ भव्य रक्षाबंधन का कार्यक्रम

## हजारों की संख्या में महिलाओं ने बांधी मंत्री विजयवर्गीय एवं आकाश विजयवर्गीय की कलाई पर विश्वास की डोर 'राखी'

## सरहद पर सैनिकों के लिए और प्रधान मंत्री जी के लिए बहनों ने भेजी राखियां

## मातांए-बहनें बेटियों को संस्कार दे, जिससे वे लव जिहाद के जहर से दूर रहें - कैलाश विजयवर्गीय

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। रक्षाबंधन महोत्सव के इस पावन पर्व पर मेरा माताओं-बहनों से निवेदन है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दे। बच्चों को समाज में फैल रही विकृतियों से दूर रखे, जिससे वे विधर्मियों द्वारा फैलाये जा रहे लव जिहाद के दुष्चक्र से दूर रहे। क्योंकि आपके आज के संस्कार ही उनके कल को बेहतर करेंगे। यह बात नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 के बाबा श्री गार्डन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम के अवसर पर कही।





### बेटियां शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और बेटे हनुमान चालीसा का पाठ करें

इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं यहां पर उपस्थित सभी मातृशक्तियों के चरणों में अपना शीश रखकर नमन करता हूं। माताएं-बहनें आप सभी साक्षात देवी है। आप मुझे आशीर्वाद दें, हमारी पंरपरा बड़ी समृद्ध है। हमारी सनातन संस्कृति में कोई बड़ा नहीं और कोई छोटा नहीं है, शंकरजी ने रामजी की सेवा की और रामजी ने शंकरजी की। जब श्रीराम रावण वध के लिए जा रहे थे तो उन्होंने रामेश्वर शिवलिंग स्थापित कर महादेव की आराधना की, हमारी संस्कृति में सभी समान है। सभी एक-दूसरे के लिए सहयोग की भावना रखते हैं,समाज में अभी काफी विकृति आई है। माँ की जवाबदारी है बच्चों में संस्कार देना, बच्चों को बचपन से हनुमान चालीसा का पाठ करने की आदत डालना चाहिए। मेरी माँ ने मुझे रामचरित मानस, सुंदरकांड बचपन में ही सीखा दिये थे। रामचरित मानस के दोहे पढ़ने पर भोजन मिलता था और सोने से पहले भी माँ को दोहे सुनाना पढ़ते थे। बेटियों से कहें कि समीप के शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। इससे बेटियों के सौभाग्य में वृद्धि होगी और उनके संस्कार बेहतर होंगे और बेटियों का भविष्य सुधरेगा। बेटे हनुमान चालीसा का पाठ करें। इससे हनुमानजी से बेटों को बल, बुद्धि, विद्या का वरदान मिलेगा।

### बेटियां लव - जिहाद से बचें

लव जिहाद का शिकार होकर बेटियां माँ-बाप तक को छोड़ देती हैं। इसलिए उनको बचपन से ही संस्कार दे, जिससे वे पराए व्यक्ति के बारे में सोंचे भी ना। आजकल के सीरियल समाज में विकृति फैला रहे हैं। इसलिए मेरा माता-बहनों से निवेदन है कि बच्चों को अच्छे सीरियल दिखाएं। हमने बेटे आकाश को अच्छे संस्कार दिए। यदि वह चार बार घर से बाहर जाता है तो चारों बार माता-पिता के चरण स्पर्श करके जाता है। माँ-बाप का आशीर्वाद ईश्वर से बड़ा आशीर्वाद है, जो उनका दिल दुखाता है वो कभी सुखी नहीं रहता है। मुझे कभी समय नहीं मिलता, लेकिन आकाश को बचपन से मेरी माँ और उसकी माँ ने संस्कार दिए। इसलिए आज मैं कह सकता हूं कि भगवान ऐसा बेटा सभी को दे। विदेशों से लव जिहाद के लिए पैसा आ रहा है। एक ऐसा गिरोह उत्तर प्रदेश में पकड़ा गया, हमने सख्त कार्रवाई की। मुझे गर्व है कि मोदीजी औऱ मोहन यादव जी की सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। मोदी जी का एक ही सपना है कि जितना मजबूत पुरूष है उतनी मजबूत हमारी नारी शक्ति भी होना चाहिए। पहले सैनिक स्कूल में लड़कों को एडमिशन मिलता था अब लड़कियों को भी एडमिशन मिल रहा है। मोदीजी ने नारी शक्ति के हाथों में जेट विमान दिए। अभी ऑपरेशन सिंदूर में नारी शक्ति ने जेट विमान उड़ाकर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा है यह हमारे भारत की नारी शक्ति की ताकत है। हमारे मुख्यमंत्रीजी आपके खाते में 1500 रुपये डालने वाले हैं। यह 15 सौ रुपये लगातार आपको मिलते रहेंगे। अगली राखी पर आपको 1750 रुपये मिलेंगे। भाजपा की सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए काम करती है।

### जनसेवा माता-बहनों के आशीवार्द से हो रही है- आकाश विजयवर्गीय

इस अवसर पर बोलते हुए आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक बार एक विधायक महोदय हमारे घर पर आए और उन्होंने कहा कि कैलाश जी अलग-अलग क्षेत्रों से चुनाव लड़ते हैं और जीतकर उस क्षेत्र को भाजपा का गढ़ बना देते हैं, जबकि हमको तो एक क्षेत्र संभालने में दिक्कत होती है। तब मैने कहा कि यह सब हमारी माता-बहनों के आशीर्वाद से संभव हुआ है। आप सभी माता-बहनों का आशीर्वाद सदैव बना रहे ऐसी मैं कामना करता हूं। यह आपके ही आशीर्वाद का प्रतिफल है कि कैलाशजी के नेतृत्व में इंदौर ने तांगे से लेकर मेट्रो तक का सफर तय किया है, क्योंकि कैलाशजी इंदौर की जनसेवा तबसे कर रहे हैं जब इंदौर में तांगे चला करते थे। कांग्रेस के राज में बेटियों को बोझ समझा जाता था और उनको कोख में ही खत्म कर दिया जाता था। उस समय बेटे-बेटियों का अनुपात एक हजार पर नौ सौ था, लेकिन जबसे प्रदेश में नारी शक्ति के उत्थान वाली भाजपा सरकार आई है तबसे इस अनिपात में काफी सुधार हुआ है। भाजपा सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी, लाडली बहना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्यादान योजना जैसी योजनाएं चलाई। लोग पहले मजाक उड़ाते थे कि सरकार अब विवाह करवाएगी, लेकिन इस योजना का समाज में काफी असर हुआ है और वर्तमान में एक हजार बेटों पर 965 बेटियां है। वह दिन भी दूर नही है जब एक हजार बेटों पर एक हजार बेटियां होगी। अब बेटियां बोझ नहीं वरदान हैं।

### सरहद पर सैनिकों के लिए और प्रधान मंत्री जी के लिए बहनों ने भेजी राखियां

इस अवसर पर महिलाएं तीन राखियां लेकर आई थी। शौर्य औऱ पराक्रम की प्रतीक पहली राखी सरहद पर तैनात सैनिकों के लिए, राष्ट्रसेवा को समर्पित दूसरी राखी प्रधानमंत्री मोदीजी के लिए और अपनत्व और स्नेह की प्रतीक तीसरी राखी कैलाश विजयवर्गीय के लिए थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजवलित करके किया गया। इस अवसर पर पांच हजार से ज्यादा माता-बहनों ने रक्षाबंधन कार्यक्रम में भाग लिया। कई माता-बहनें कैलाश जी को बांधने के लिए घर से आकर्षक राखियां बनाकर लाई थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री कैलाश विजयवर्गीय का भव्य स्वागत हार-फूल, ढोल-ताशों और आतिशबाजी के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीमती आशा विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष अशोक चौहान चांदू नेता, गोविंद सिंह पवार, जयदीप जैन, सतीश कौशिक,अमरदीप मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय मक्सी मे रोजगार स्वरोजगार मेला आयोजित



**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय शाजापुर के तत्वाधान में श्री कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय महाविद्यालय मक्सी में दिनांक 7 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 11:00 से 3:00 बजे तक एक रोजगार ,स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील वागले एवं श्री बी.एल.गुवाटिया प्रभारी युवा संगम रोजगार जिला रोजगार कार्यालय शाजापुर एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित नियोजक जैसे नवभारत फर्टिलाइजर भोपाल, यशस्वी अकेडमी फॉर स्किल प्राइवेट लिमिटेड देवास , चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट इंदौर, कंटेंपरेरी सर्विसेज कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड इंदौर, आईपीएस ग्रुप आयशर प्राइवेट लिमिटेड देवास,भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर आदि अनेक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर साक्षात्कार के माध्यम से प्रारंभिक चयन किया। आठवीं, दसवीं, बारहवीं और आईटीआई पास करीब 180 युवाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया गया। निजी क्षेत्र में लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्राप्त हो इस उद्देश्य से इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया ।इसके अतिरिक्त निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया एवं मानसिक बीमारियों से संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ में प्रोफेसर मीनू गजाला खान,डॉ अपर्णा जैन ,डॉ सौदान सिंह मकवाना, डॉ विनीता परमार ,हेमंत डबरिया , चिराग नाथ योगी, राहुल कुमरावत ,जगदीश देवड़ा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।इसके अतिरिक्त जिला रोजगार कार्यालय शाजापुर के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।यह जानकारी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर लाखन सिंह कुशवाह ने प्रदान की।

# न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन के विरोध में प्रदेश के समस्त राजस्व अधिकारी शासकीय कार्यों से रहेंगे विरत




## अब तहसील कार्यालयों में अनिश्चित काल तक नहीं हो पाएंगे कोई भी काम

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । राजस्व विभाग में राजस्व न्यायालय कम कर देने और गैर राजस्व सम्बन्धी कार्यों के लिए पृथक से राजस्व अधिकारी नियुक्त करने के विरोध में प्रदेश के समस्त राजस्व अधिकारी आपदा प्रबंधन के अलावा कोई अन्य शासकीय कार्य नहीं करेंगे। शासकीय वाहन और डोंगल (डिजिटल सिग्नेचर) भी करेंगे जिले में जमा। प्रमुख सचिव राजस्व विभाग मध्यप्रदेश के नाम दिया गया श्रीमान अपर कलेक्टर महोदय शाजापुर को ज्ञापन।

# पंच-ज - अभियान के तहत जिला न्यायालय में पौधा रोपण कर किया स्वच्छता जागरूकता के लिए श्रमदान-श्री आंनद कुमार तिवारी

**रणजीत टाइम्स**




शाजापुर । म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के मार्गदर्शन में पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित एवं कायाकल्प करने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में स्थित न्यायालय वाटिका एवं जिला न्यायालय परिसर में "पंच-ज अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

"पंच-ज अभियान के अंतर्गत जन, जंगल, जल, जमीन एवं जानवर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 06 अगस्त 2025 को सायं 05:00 बजे से जिला न्यायालय शाजापुर स्थापना के सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण के सहयोग से पौधारोपण कर, श्रमदान करवा कर अनुठी पहल की गई। जिला न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में पेशी पर उपस्थित होने वाले पक्षकार पेड़ों की छाव में विश्राम करते है। न्याय वाटिका को स्वच्छ बनाने तथा पक्षकारों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से कुडाकरकट, उबड खाबड जमीन के पत्थर उठवाकर एवं साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ने स्वंय सर्वप्रथम हाथ में फावडा तगारी लेकर साफ-सफाई की ओर सभी को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिला न्यायालय परिसर को स्वच्छ बनाने में कुडा-करकट निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री अंजनी नंदन जोशी, प्रधान न्यायाधीश कुटम्ब न्यायालय शाजापुर, न्यायाधीशगण श्री जितेन्द्र कुमार परासर, श्री दिनेश कुमार नोटिया, श्री दिलीप सिंह, श्री गिर्राज प्रसाद गर्ग, श्रीमती रंजिता राव सोलंकी, श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव महोदया श्रीमती नमिता बौरासी, न्यायाधीश, श्रीमती प्रेमलता जितेन्द्र गोयल, सुश्री अनुष्का शर्मा, श्री सतीश कुमार शुक्ला, श्री धीरज आर्य, श्रीमती शिखा शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा, सहित अन्य अभिभाषकगण एवं लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के समस्त स्टाफ सहित लगभग 100-150 की संख्या में उपस्थित थे।

वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए इस श्रमदान अभियान में बढचढ कर भाग लेकर प्रत्येक श्रमदाता के द्वारा उत्साह के साथ अपने-अपने हाथ में सीक गेती, फावड़ा, तगारी, लेकर न्यायालय वाटिका, न्यायालय परिसर, शाजापुर को अथक प्रयास से साफ-सफाई कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी के द्वारा श्रमदान किया। अंत में सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के द्वारा इस श्रमदान स्वच्छता अभियान का समापन कर वातावरण को स्वच्छ रखने एवं निरंतर साफ-सफाई रखने की अपील की तथा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मेडतवाल समाज के बिट्ठलप्रसाद मोदी मामा का देहावसान हुआ

रणजीत टाइम्स

जीरापुर। मेडतवाल समाज के सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक बिट्ठलप्रसाद मोदी मामा का देहावसान हो गया वह सरल स्वभाव साधारण व्यक्तित्व मिलनसार होकर उन्हें बिट्ठल मामा के नाम से जाना जाता था वह हमेशा व्यवहार कुशलता से मिलते थे। जो लगभग एक वर्ष से बीमार थे। गुरूवार को उनकी शवयात्रा गोकुल धाम कालोनी से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई जहां पर शोक सभा में सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद,शिक्षक ओमप्रकाश सेन ,समाजसेवी दिनेश जमींदार ने शोक-संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मामा की अपनी अलग पहचान थी वह हम उम्र के अलावा बड़े या छोटे सभी लोगों से एक जैसे व्यवहार से विनोद प्रिय भाव से मिलते थे। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र कृष्ण गोपाल एवं दीपक सहित परिवार जनों ने मुखाग्नि दी जहां पर मेडतवाल समाज सहित अन्य वर्ग, कर्मचारी एवं रिश्तेदार शामिल हुए। जहां पर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक व्यक्त किया।



## देवास गेट थाना पर ब्रह्माकुमारी दीदी ने रक्षाबंधन का पर्व बनाया

रणजीत टाइम्स



**उज्जैन। देवास गेट थाना प्रभारी अनीला पाराशर के द्वारा थाने के समस्त स्टाफ को रक्षाबंधन के त्यौहार के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी आश्रम की दीदी के द्वारा रक्षाबंधन का त्योहार बनाया।**

## को मीटर रीडर बीरम गुर्जर की करंट लगने से विद्युत पोल से गिरा, गंभीर घायल

रणजीत टाइम्स

जीरापुर। जीरापुर में खंभे पर लाइन ठीक करने चढ़े मीटर रीडर बीरम गुर्जर की करंट लगने से विद्युत पोल से नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार दौरान गंभीर हालत को देखते हुए बाहर रैपर कर दिया। शहर के नर्मदेश्वर कॉलोनी मे रहने वाला बीरम पिता जगदीश विद्युत मंडल में मीटर रीडर का काम करता था। दिनांक 6 अगस्त रात 8:00 पुष्पा मोहल्ला चूड़ी गली में इमरान खान की कंप्लेंट पर विद्युत सुधार कार्य को बीराम गुर्जर ओर संजय चौरसिया जो मीटर रीडर का कार्य करता था उससे लाइनमैन का कार्य सौप दिया गया। और लाइनमैन का कार्य करने भेज दिया। बताया जा रहा है कि चालू लाइन में ही विद्युत पोल पर चढ़ा दिया जिससे करंट लगने से विद्युत खंबे से कर के बाल नीचे गिर गया। गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दौरान बाहर दिया। बीरम की हालात अभी भी नाजुक बताई जा रही है। इस मामले को लेकर विद्युत मंडल जेई से मोबाइल फोन पर चर्चा में बताया कि मेरा स्थारण हुआ मेरी क्या पद हे मेरी जानकारी में नहीं है अभी घायल बीरम के इलाज में लगे हुए हैं।जांच करने के बाद ही बता पाऊंगा।



# गुलजार हुआ राखी बाजार,भा रही जयपुरी,राजस्थानी डिजाइन







रणजीत टाइम्स

**भाई-बहन के अटूट प्रेम के त्योहार के तौर पर जाना जाने वाला रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व मनाने के लिए बहनें तैयारी कर रही हैं। शहर के बाजारों में चहल-पहल देखने को मिल रही है। बाजार इस समय पूरी तरह से गुलजार हो गया है। दुकानदारों से लेकर फुटपाथी विक्रेताओं ने भी राखी की दुकानें लगा ली हैं। सभी ने अपनी दुकानों को आकर्षक रूप से सजाकर ग्राहकों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भले ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने हर त्योहार पर अपनी पैठ मजबूत की हो,लेकिन राखी पर बहनों को आज भी बाजार जाकर राखी खरीदने में ज्यादा खुशी मिलती है।**

पहली पसंद कुंदन और सिल्वर की राखियां

इस बार बाजार में राखियों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिसमें साधारण धागों से लेकर डिजाइनर और ब्रांडेड राखियां शामिल हैं। सामान्य राखियों की कीमत 10 रुपये से शुरू होकर 100 रुपये तक ह,जो हर वर्ग के बजट में फिट बैठती है। बच्चों के लिए खास तौर पर तैयार की गई कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी खूब पसंद की जा रही हैं। इनकी कीमत 30 से 150 रुपए के बीच है। बहनों की पहली पसंद कुंदन और सिल्वर की राखियां हैं,ये राखियां न केवल भाइयों को स्टाइलिश लुक देती हैं,बल्कि इस त्योहार को और भी खास बना देती हैं।

बच्चों के लिए खास राखियों की भरमार

इस बार राखी बाजार में बच्चों के लिए खास राखियों की भरमार है। बाजार में कार्टून करेक्टर, सुपरहीरो,स्पाइडरमैन,डोरेमोन,मोटू-पतलू,पिकाचू और टॉम-जैरी वाली राखियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। इसके अलावा म्यूजिकल और लाइट वाली राखियां भी खूब बिक रही हैं। छोटे बच्चों के लिए रंग-बिरंगी राखियों में सॉट टॉय और बेल्ट वाली राखियां भी बाजार में नई वैरायटी के रूप में उपलब्ध है।

### कीमत में 15 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी

राखी की खरीदी के लिए बाजार में भारी भीड़ उमड़ रही है। फुटपाथ पर बैठे विक्रेताओं से लेकर बड़ी दुकानों तक में राखियों के अलग-अलग कलेक्शन उपलब्ध है। हालांकि महंगाई का असर राखी बाजार पर भी पड़ा है। बीते साल की तुलना में इस बार राखियों की कीमत में 15 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### गिफ्ट हैंपर की भी जोरदार बिक्री

राखी के साथ इस बार बाजार में गिफ्ट हैंपर, चॉकलेट बॉक्स,मिठाई और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट का ट्रेंड भी जोरों पर है। कई बहनें राखी के साथ भाइयों को खास तोहफे देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं हैं। वहीं दुकानदार भी राखी के साथ गिफ्ट पैक शामिल करके ग्राहकों को आकर्षक ऑफर दे रहे हैं।

# श्रीमद्भगवत गीता में वर्णित ज्ञान का जीवंत अनुभव है सहजयोग

रंजीत टाइम्स

श्री भगवद्गीता एक पवित्र ग्रंथ है, ऐसा माना जाता है कि इसे भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन को बताया था। गीता की मुख्य विशेषता यह है कि यह किसी एक विचारधारा या वाद जैसे कि द्वैत - अद्वैत, दर्शन अथवा संप्रदाय विशेष के लिए न होकर मनुष्य मात्र के कल्याण हेतु साक्षात् परमात्मा द्वारा संप्रेषित की गई है। गीता का उद्देश्य अर्जुन को युद्ध के लिए प्रेरित करना नहीं था वरन् मानव जाति को यह बताना था कि संसार में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं जिसमें मानव का कल्याण नहीं हो सकता। गीता में श्री कृष्ण ज्ञानयोग, भक्तियोग व कर्मयोग के द्वारा परमशक्ति से एकाकारिता की बात करते हैं। परंतु इन तीनों ही योग का अर्थ अत्यंत व्यापक है। चाहे फल रहित कर्म हो, निर्विकल्प बोध का ज्ञानयोग हो अथवा अनन्य भक्ति की स्थिति हो मायापति ने माया का चक्रव्यूह रचा है। इससे बाहर आने का एक ही मार्ग है आत्मबोध। पर विभिन्न मतानुसार आत्मबोध की प्राप्ति तो कठिन साधना के फलस्वरूप ही हो सकती है। अतः अधिकांश व्यक्ति स्वयं को इस पथ पर चलने योग्य नहीं मानते।



परंतु वर्तमान में श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान आत्मबोध की प्राप्ति का एक सहज मार्ग है। आदिशक्ति स्वरूपा श्री माताजी द्वारा सहजयोग कुंडलिनी जागरण के शाश्वत ज्ञान पर आधारित है। जो भी जिज्ञासु साधक श्री माताजी के समक्ष स्वयं को समर्पित कर आत्मज्ञान को प्राप्त करने की इच्छा प्रकट करता है तत्क्षण वह इसे प्राप्त कर इसकी अनुभूति अपने तालु व हथेलियों पर कर सकता है। आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति व नियमित ध्यान द्वारा शनैः - शनैः हम वर्तमान में चित्त को स्थिर कर गीता में वर्णित कालातीत, गुणातीत व धर्मातीत हो जाते हैं।इस संसार के सभी भौतिक संतापों से स्वयं ही मुक्ति प्राप्त हो जाती है और हम नित्य प्रति साक्षी स्वरूप हो परमात्मा से एकाकारिता स्थापित करने में सक्षम हो जाते हैं। अतः सहजयोग श्री कृष्ण द्वारा गीता में वर्णित तमाम योगों की साक्षात् अनुभूति है। सहजयोग पूर्णतः निःशुल्क है।अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

# वार्ड 46 रुस्तम के बगीचे में घटिया सड़क निर्माण का विरोध

इंदौर। भाजपा नेता अशोक यादव और दिनेश कछोईया ने बताया कि वार्ड 46 के रुस्तम के बगीचे में पुलिस चौकी वाली गली में क्षेत्र के पार्षद शेपू वर्मा के पति आकाश कुशवाहा द्वारा ठेकेदार मुरारी मिश्रा के साथ मिलकर घटिया सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह सब ठेकेदार से मिलकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है यह पार्षद पति की मनमानी है क्षेत्र के आवासियों पंकज कपूर मोनू बने ललित वर्मा जयंत जी रन फूल सिंह वर्मा ने आयुक्त और महापौर से इस भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है और 6 इंची की सड़क अच्छी सड़क निर्माण की अपील की है भाजपा नेता दीपक यादव ने घटिया सड़क की शिकायत आयुक्त शिवम वर्मा एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौड़ से की थी राजेंद्र राठौड़ ने क्षेत्र का दौरा कर जांच के आदेश दिए थे फिर भी यह घटिया सड़क मात्र 2 घंटे में बना दी क्षेत्र के जोनल अधिकारी पीसी कुशवाहा ओपन 3 नंदकुमार को भी इस सड़क की कोई जानकारी नहीं है।



# मकान के ओरिजिनल कागज दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

**इंदौर। कुशवाहा नगर में रहने वाली कंचन बाई पालने इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह जी को एक मांग पत्र दिया।**

जिसमें मांग की गई थी कुशवाह नगर 136 मकान के ओरिजिनल कागज घनश्याम शर्मा दर्जी बैंक के लोन दिलाने के नाम पर ले गया और आज दिनांक तक मेरे मकान के ओरिजिनल कागज मुझे नहीं दिए। आप घनश्याम दर्जी मेरे मकान का सौदा बाले बारे कर रहा है जबकि यहां मकान मेरे स्वयं के नाम पर है कलेक्टर महोदय ने उचित आश्वासन देते हुए विश्वास दिलाया कि पुलिस प्रशासन द्वारा मकान के कागज वापस दिलाए जाएंगे।



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

**बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो**

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

**भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278**

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स